| |
|---|
| **दिनांक 28.02.2023** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 29/2023** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हापुड़/थाना धौलाना**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 27.02.2023 की रात्रि थाना धौलाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर देहरा झाल से निधावली की तरफ, नहर पटरी जाने वाला रास्ता पर चेकिंग के दौरान पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त सुबोध घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद हापुड़, बागपत, कमिश्नरेट गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना धौलाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुबोध निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद उन्नाव/थाना फतेहपुर चौरासी

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की सोने–चॉदी के आभूषण**
- **चोरी के पीतल के 06 परात, 04 थाली, 04 बटुआ, 03 कटोरी, 03 थाल आदि**
- **11 हजार 600 रूपये नगद**
- **01 स्कार्पियो वाहन बरामद**

दिनॉकः 28.02.2023 को थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बरूआघाट शाहपुर बुजुर्ग तिराहे से 04 अभियुक्तों 1–गोविन्द 2–मंजीत 3–रामजीवन 4–राकेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की सोने–चॉदी के आभूषण, चोरी के पीतल के 06 परात, 04 थाली, 04 बटुआ, 03 कटोरी, 03 थाल आदि, 11 हजार 600 रूपये नगद, 01 स्कार्पियो वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि जनपद उन्नाव के थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, पीतल के वर्तन आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त गोविन्द के विरूद्ध जनपद उन्नाव के विभिन्न थानों पर चोरी के 10 अभियोग, अभियुक्त मंजीत के विरूद्ध जनपद उन्नाव के विभिन्न थानों पर चोरी के एक दर्जन अभियोग, अभियुक्त रामजीवन के विरूद्ध जनपद उन्नाव के विभिन्न थानों पर लगभग एक दर्जन व अभियुक्त राकेश के विरूद्ध जनपद उन्नाव के विभिन्न थानों पर चोरी के 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गोविन्द निवासी संतखेड़ा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव।

2—मंजीत निवासी संतखेड़ा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव।

3—रामजीवन निवासी संतखेड़ा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव।

4—राकेश निवासी संतखेड़ा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव।

**बरामदगी**

1—चोरी की सोने—चॉदी के आभूषण।

2—चोरी के पीतल के 06 परात, 04 थाली, 04 बटुआ, 03 कटोरी, 03 थाल आदि।

3—11 हजार 600 रूपये नगद।

4—01 स्कार्पियो वाहन।

## जनपद एटा/थाना पिलुआ

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के लगभग 07 लाख रूपये कीमत के 52 मोबाइल फोन**
- **नगद रूपये बरामद**

दिनॉकः 28.02.2023 को थाना पिलुआ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सुल्लन होटल, चौथा मील के पास से 02 अभियुक्तों 1—विशाल 2—विपिन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के लगभग 07 लाख रूपये कीमत के 52 मोबाइल फोन, नगद रूपये बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त भीड़—भाड़ वाले स्थानों से मोबाइल की चोरी कर सस्ते दामों पर बेच देते है। गिरफ्तार अभियुक्त विशाल के विरूद्ध जनपद मैनपुरी, एटा के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पिलुआ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विशाल निवासी गिहार कालोनी कस्बा व थाना भोगांव जनपद मैनपुरी।

2—विपिन निवासी गिहार कालोनी कस्बा व थाना भोगांव जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी**

1—चोरी के लगभग 07 लाख रूपये कीमत के 52 मोबाइल फोन।

2—नगद रूपये ।

## जनपद बाराबंकी/थाना जैदपुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 3.1 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलो 100 ग्राम अवैध मारफीन**
- **घटना में प्रयुक्त कार बरामद**

दिनॉकः 27.02.2023 को थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर टिकरा उस्मा से मगरवल रोड नहर पुलिया से अभियुक्त मो0 सहीम उर्फ कासिम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 3.1 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलो 100 ग्राम अवैध मारफीन, घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, धोखाखड़ी, एनडीपीएस एक्ट, गुण्डा एक्ट आदि के 16 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जैदपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मो0 सहीम उर्फ कासिम निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1—लगभग 3.1 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 03 किलो 100 ग्राम अवैध मारफीन।

2—घटना में प्रयुक्त कार।

- **<u>जनपद फतेहपुर/थाना ललौली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 32–32 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या–1 जनपद फतेहपुर द्वारा थाना ललौली पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/307/34/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–धर्मेन्द्र उर्फ मुखिया 2–अमरीश उर्फ पप्पू 3–धीरज उर्फ कल्ली 4–दुर्विजय को आजीवन कारावास व 32–32 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 21 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सीतापुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या–2 जनपद सीतापुर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि व 25(1–बी) आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त शिवराज को आजीवन कारावास व 21 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद फतेहपुर/थाना कल्याणपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 06 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या–2 जनपद फतेहपुर द्वारा थाना कल्याणपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 377 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त बजरंगा लोध उर्फ शैलेश को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 06 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद रायबरेली/थाना मिलएरिया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद रायबरेली पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सों एक्ट तृतीय जनपद रायबरेली द्वारा थाना मिलएरिया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि व 5/6 पॉक्सों एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त विजय बहादुर को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हमीरपुर (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 02 करोड़ 20 लाख 66 हजार 714 रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस ने अभियुक्त 1–शीबू खान पुत्र अब्दुल कादिर निवासी ग्राम नारायच थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 2–फरीद मोहम्मद पुत्र शरीफ निवासी मोहल्ला पूर्वी तरोस कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 3–मोहम्मद हारून पुत्र इदरीस निवासी मदारपुर थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 4–आरिफ खान पुत्र मोहम्मद वैश खान निवासी ग्राम नरायच थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 5–अरूण कुमार उर्फ सोनू गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता निवासी नैकाना थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा 6–दानिश खान पुत्र शरीफ खान निवासी ग्राम नरायच थाना मौदहा जनपद हमीरपुर द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी चल/अचल सम्पत्ति कीमत करीब 02 करोड़ 20 लाख 66 हजार 714 रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

———

| |
|---|
| दिनांक 28.02.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 30/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक "प्रशिक्षण", अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन, पुलिस अधीक्षक विधि प्रकोष्ठ, पुलिस उपाधीक्षक गोपनीय अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त

आज दिनांक 28.02.2023 को डॉ0 राजेन्द्र पाल सिंह, पुलिस महानिदेशक "प्रशिक्षण" उ0प्र0, श्री बृज भूषण, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ, श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक विधि प्रकोष्ठ, मुख्यालय पुलिस मदानिदेशक उ0प्र0, श्री कृष्ण कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय), गोपनीय कार्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री देवेन्द्र सिंह चौहान द्वारा सेवानिवृत्त के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारीगण को मोमेन्टो भेट किया गया तथा सेवा काल के दौरान किये गये कार्यो की सराहना करते हुए उनके एवं उनके परिवार के सुख समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

इस अवसर पर श्री बी0के0 मौर्य, पुलिस महानिदेशक होमगार्ड, श्री पीयूष आनन्द, अपर पुलिस महानिदेशक, श्री नवीन अरोड़ा, अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने तैनाती के समय के संस्मरण साझा किये।

**डॉ0 राजेन्द्र पाल सिंह, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उ0प्र0,** का जन्म 25 फरवरी 1963 को जनपद शाहजहाँपुर में हुआ था। वर्ष 1987 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। प्रशिक्षण के उपरान्त सहायक पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद, पुलिस अधीक्षक नगर इलाहाबाद, पुलिस अधीक्षक टिहरीगढ़वाल, बांदा, मुजफ्फरनगर, खीरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर, मेरठ, इलाहाबाद, कानपुर नगर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय, प्रशिक्षण मुख्यालय, सीबीसीआईडी मुख्यालय, लखनऊ एवं

सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2004 में 'पुलिस उप महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उप महानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बरेली परिक्षेत्र, आजमगढ़ परिक्षेत्र, वाराणसी परिक्षेत्र, सतर्कता अधिष्ठान, फायर सर्विस मुख्यालय, सुरक्षा मुख्यालय, उ0प्र0 कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, पीएसी सेक्टर बरेली एवं पीएसी मुख्यालय लखनऊ के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2008 में 'पुलिस महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस महानिरीक्षक, वाराणसी परिक्षेत्र, अभिसूचना मुख्यालय, सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद, केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति तथा 'पुलिस महानिदेशक' ईओडब्लू एवं वर्तमान समय में पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे।

मा0 मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा वर्ष 1991 में सराहनीय कार्य के लिए पदक, स्वतन्त्रता दिवस 2019 के अवसर पर अति उत्कृष्ट सेवा पदक, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(सिल्वर), स्वतन्त्रता दिवस 2020 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(गोल्ड), मा0 मुख्यमंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक एवं गणतन्त्र दिवस 2022 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) से सम्मानित किया गया है।

**श्री बृज भूषण, अपर पुलिस महानिदेशक,** का जन्म 07 फरवरी 1963 को जनपद मथुरा में हुआ था। वर्ष 1991 में 'भारतीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। प्रशिक्षणोंपरान्त सहायक पुलिस अधीक्षक, जनपद गोरखपुर, गाजियाबाद, बरेली, पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली(नगर), हमीरपुर, जालौन, बदायूं, बाराबंकी, रेलवे मुरादाबाद, उ0प्र0 पावर कार्पोरेशन लखनऊ, अभिसूचना आगरा, अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बुलन्दशहर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली, फैजाबाद, इलाहाबाद एवं सेनानायक, 08वीं वाहिनी पीएसी बरेली, 39वीं वाहिनी पीएसी मीरजापुर, 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2007 में 'पुलिस उप महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, अलीगढ़ परिक्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मेरठ, आगरा, इलाहाबाद एवं पीएसी सेक्टर बरेली के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2010 में

'पुलिस महानिरीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, वाराणसी जोन, गोरखपुर जोन, मेरठ जोन, इलाहाबाद जोन एवं पीएसी पश्चिमी जोन मुरादाबाद के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2016 में 'अपर पुलिस महानिदेशक' के पद पर प्रोन्नत होकर 'अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ एवं वर्तमान समय में अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन, लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे।

गणतन्त्र दिवस 2018 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(सिल्वर), स्वतन्त्रता दिवस 2019 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(गोल्ड), स्वतन्त्रता दिवस 2020 के अवसर पर प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) एवं स्वतन्त्रता दिवस 2021 के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

**श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस अधीक्षक,** का जन्म 06 फरवरी 1963 को जनपद जालौन में हुआ था। वर्ष 1994 में 'प्रान्तीय पुलिस सेवा' में चयनित हुये। प्रशिक्षणोंपरान्त पुलिस उपाधीक्षक, जनपद एटा, झांसी, फिरोजाबाद, देहरादून, मथुरा, महोबा, गाजीपुर एवं सहायक सेनानायक, 43वीं वाहिनी पीएसी एटा के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2006 में 'अपर पुलिस अधीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर, इलाहाबाद, छत्रपति शाहू जी महराज नगर, अलीगढ़, सीबीसीआईडी, सुरक्षा एवं उप सेनानायक, 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी, 48वीं वाहिनी पीएसी सोनभद्र के पदों पर नियुक्त रहे। वर्ष 2020 में 'पुलिस अधीक्षक' के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा एवं वर्तमान समय में पुलिस अधीक्षक, विधि प्रकोष्ठ, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे।

स्वतन्त्रता दिवस 2020 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(सिल्वर), गणतन्त्र दिवस 2022 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(गोल्ड) एवं स्वतन्त्रता दिवस 2022 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(प्लेटिनम) से सम्मानित किया गया है।

**श्री कृष्ण कुमार सिंह पुलिस उपाधीक्षक गोपनीय,** का जन्म 02 फरवरी 1963 को जनपद उन्नाव में हुआ था। वर्ष 1987 में उप निरीक्षक (एम)/आशु0 के पद पर पीटीसी प्रथम मुरादाबाद में नियुक्त हुए तथा वर्ष 2016 में निरीक्षक (गोपनीय) के पद पर एवं वर्ष 2023 में पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) के पद पर प्रोन्नत हुए। इस दौरान पीटीसी प्रथम, मुरादाबाद, जनपद रायबरेली, सीतापुर, लखनऊ, खीरी, मेरठ एवं विशेष जांच मुख्यालय, लखनऊ एवं वर्तमान में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय के गोपनीय कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) के पद पर कर्तव्यरत रहे।

गणतन्त्र दिवस 2015 के अवसर पर सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, स्वतन्त्रता दिवस 2017 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(सिल्वर), स्वतन्त्रता दिवस 2021 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह(गोल्ड), स्वतन्त्रता दिवस 2022 के अवसर पर उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, मा0 गृह मन्त्री, भारत सरकार का अति उत्कृष्ट सेवा पदक, दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक एवं गणतन्त्र दिवस 2023 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम) से सम्मानित किया गया है।







